Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 01-04-2023 अंक 528

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### सुहानी के हत्यारों को बरही पुलिस जल्द करे गिरफ्तार : प्रयाग प्रसाद



**अपेम लाइव : बरही**


कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता प्रयाग प्रसाद ने बरही पुलिस से मांग किया की सुहानी के हत्यारा को जल्द से जल्द गिरफ्तार करे। उन्होंने बताया की जितनी देवी की 14 वर्षीय बेटी सुहानी कुमारी ने सुधांशु कुमार पिता शेखर सुमन गायपहाड़ी निवासी से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वहीं मृतक के परिजनों ने बरही थाना में आवेदन भी दिया था। लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी आज तक युवक की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जिसको लेकर प्रयाग प्रसाद ने बरही पुलिस से युवक को गिरफ्तार करने का अपील किया है।

### पैसा बोलता है पर सेमिनार का आयोजन



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : झारखंड प्रदेश के ख्याति प्राप्त नेतरहाट आवासीय विद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ प्रसाद पासवान के निर्देशन में चिरंजीवी विशाल सोनी ने ष्पैसा बोलता हैष का सेमिनार प्रस्तुत किया ।इस दौरान डॉ. प्रसाद पासवान के द्वारा ष्पैसा बोलता हैष पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। 12 वीं के छात्र विशाल सोनी ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पैसा के बारे में प्रकाश डाला ।उसने अपने सेमिनार में रुपया पैसा का महत्व तथा बैंको के बारे मे बताया ।छात्रों के कुछ सवालों के जवाब शिक्षक रवि रंजन ने दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन सम्मेलन प्रभारी रवि प्रकाश ने किया। अंत में डॉ. प्रसाद पासवान ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर विशेष व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डाक्टर संतोष कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों का विशेष आभार प्रकट किया।




# नवमी और दशमी को रामभक्तों ने निकाला जुलूस रात भर भक्ति गीतों पर सराबोर होते रहे भक्त

## राजपुर बाजार में झांकियों का लगा तांता







**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**





कान्हाचट्टी : प्रखंड में राम जन्म उत्सव को लेकर सभी रामनवमी अखाड़ों में नवमी एवं दशमी तिथि को रात भर राम भक्तों के द्वारा झांकी एवं एक से एक बढ़कर कला प्रस्तुत किया गया। जहां सात पंचायतों में नवमी तिथि को जुलूस निकाला गया वही तीन पंचायत राजपुर कैंडी नगर एवं कुल्हैया में दशमी तिथि को जुलूस निकाला गया। नवमी तिथि को जहां राम जन्मोत्सव के उपलक्ष में कई रामनवमी अखाड़ों के द्वारा एक से बढ़कर एक झांकी एवं कला प्रस्तुत किया गया वही राजपुर बाजार पर राजपुर महासमिति के द्वारा आयोजित रामनवमी पूजा के अवसर पर झांकियां प्रस्तुत की गई,जिनमें कोल्हैया, राजपुर,डंगराड़ी, कैंडीनगर एवं रौषणा,तथा भांग के रामनवमी अखाड़ों के द्वारा दशमी तिथि को रात भर जुलूस निकालकर लोगों को मनोरंजन करवाते रहे ।दशमी तिथि को बूंदाबांदी के बाद भी भीड़ कम देखने को नहीं मिली राजपुर बाजार में रात भर चहल कदमी लोगों को होते रहा। राजपुर बाजार पर कोल्हैया गांव के युवाओं के द्वारा झांकी प्रस्तुत किया गया जिसमें शिव तांडव एवं महिषासुर वध लोगों को मनोरंजन भी कराते रहा। कोल्हैया गांव के युवाओं द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव झांसी का आकर्षण का केंद्र रहा। वही कैंडीनगर के द्वारा भी एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया गया तथा डंगरागडी के युवाओं ने रामायण पाठ पर आधारित नाटक का मंचन भी झांकी में किया। जिसमें गौरव तिवारी के द्वारा कुंभकरण का जीवंत झांकी प्रस्तुत किया गया। लोगों ने जब गौरव तिवारी को देखा तो सामने कुंभकर्ण ही नजर आ रहे थे। वही राजपुर के युवाओं ने भी एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत की तथा कैंडी नगर के युवाओं ने भी राम भक्ति के भजनों पर रात भर झूमते रहे और दर्शकों को झूमने को मजबूर कर दिए। वही कैंडी नगर के द्वारा राम मंदिर का भी जीवंत झांकी प्रस्तुत किया। वही युवाओं ने तलवार बाजी,लाठी खेल एवं अन्य हैरतअंगेज कला प्रस्तुत किया ।इस राजपुर बाजार पर रामनवमी महासमिति के इंद्रदेव दांगी नवल सिन्हा कृष्णा पासवान संतोष वर्मा प्रकाश राम विनय सिन्हा,राकेश सिंह,बुलु केशरी, बबलू कुमार,पंकज सिंह, सहित दर्जनों लोगों ने रात भर लोगों को सेवा देते रहे,वही राजपुर बाजार के कई लोगों ने राम भक्तों के लिए जगह जगह पर पानी का स्टाल भी लगाया था। इधर रा. जपुर थाना प्रभारी विकास पासवान जुलूस पर पैनी नजर रखे हुए थे कि कहीं भी किसी तरह का कोई अप्रिय घटना ना हो जिसके लिए लगातार रात भर जग कर उन्होंने शांति व्यवस्था कायम करने के लिए रा. जपुर बाजार में डटे रहे उनके साथ बीपीओ नीरज पासवान राजस्व कर्मचारी राजकुमार दांगी नीतीश कुमार प्रकाश कुमार भी डटे रहे ।वही सभी जुलूस और झांकी प्रस्तुत करने वाले क्लबो को जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी एवं बी डी ओ हुलास महतो के द्वारा परस्कृत भी किया गया। इधर दूसरी ओर साहिल बगीचे में आयोजित 11 दिवसीय श्रीराम यज्ञ का समापन हवन के साथ किया गया यज्ञ आचार्य उमेश पांडे ने विधि विधान से यज्ञ मंडप में हवन कराया एवं कलर्स का विसर्जन भी कराया गया मौके पर कमेटी के बसंत सिंह नागेश्वर सिंह सच्चिदानंद सिंह मुखिया घनश्याम पासी संजय दांगी अर्जुन सिंह सरयू सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे

# साफ सफाई के आड़ में 20 साल पुराना बाउंड्री तोड़ने का आरोप, थाना पहुंच लगाई न्याय की गुहार

## पंचायत प्रतिनिधि सहित गांव के ही 9 लोगों का आरोप

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

विजैया से एक दर्जन से अधिक ग्रामीण शनिवार को बरही थाना पहुंचकर एक आवेदन सौंपा। जिसमे गांव के ही कुछ ग्रामीणों पर साफ सफाई के आड़ में उनके 20 साल पुराना बाउंड्री को जेसीबी से तोड़ देने का आरोप लगाया है। कौशल्या देवी सहित तीन लोगों ने सीओ और थाना को आवेदन देते हुए बताया है की गांव के ही देवलाल कुशवाहा, केदार यादव, चंद्रिका महतो,उमेश महतो, लोकेश कुशवाहा, महेश राम, मैघलाल महतो, राजू महतो एवं रामकृष्ण महतो ने 30 मार्च को बिना किसी पूर्व सूचना के ही जेसीबी से उनका बाउंड्री को तोड़ दिया। जब तोड़ने से मना किया तो उनके एवं उनके परिजन के साथ मारपीट की। आवेदन में छिनतई का भी आरोप लगाया गया है। कौशल्या देवी ने बताया की उक्त लोग दबंग प्रवृति के हैं। हम गरीब के जमीन को हड़पना चाहते हैं। इस वजह से बिना पूर्व सूचना के बाउंड्री के साथ साथ एक व्यक्ति के घर का सीढ़ी भी तोड़ दिया। थाना में आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। थाना पहुंचकर कर न्याय से गुहार लगाने वालों में कौशल्या देवी, साबिया मसोमत, कालिया मसोमात, उर्मिला मसोमात, कमलेश्वर यादव, भिखी यादव, सेवल यादव, महेंद्र यादव, फौदी यादव, जागेश्वर यादव, दिनेश यादव, राजू यादव, संजय यादव आदि शामिल थे।




थाना पहुंच न्याय की गुहार लगाते ग्रामीण

APEM LIVE

## बरही : प्रमुख मनोज रजक ने पीएचइडी कार्यालय का किया निरीक्षण, गंदगी देख हुए हैरान





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाला पीएचडी विभाग इन दिनों खुद बीमार हो गया है। पूरा परिसर में गंदगी का अंबार रहता है। आस – पास के ठेला और दुकानदार इस परिसर को डस्टबिन बना चुके है। सारा कचरा इसी परिसर में फेंक कर लोग चलते बनते है। कोई देखने वाला नही है या यूं कहे लोग इसे शौच का स्थान बना चुके है। वहीं जानकारी मिलने पर बरही प्रमुख मनोज रजक शनिवार को पीएचइडी कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्होंने देखा कि पूरा परिसर में गंदगी का अंबार फैला हुआ है, जिसे देखकर वह हैरान रह गए। उन्होंने कहा की दूसरों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाला पीएचडी विभाग आज खुद बीमार पड़ा हुआ है। जिसका देखभाल करने वाला कोई नहीं है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीएचडी कार्यालय में ताला लटका हुआ देखा। ज्ञात हो की पीएचडी कार्यालय परिसर में काफी मात्रा में गंदगी जमा हो गया है। जिससे वहां के आस पास के लोग काफी परेशान है। विदित हो की इस गंभीर समस्या से बरही विधायक सहित सभी अधिकारी अवगत है लेकिन आज तक साफ सफाई को लेकर सकारात्मक पहल नही किया गया है।

## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में में वार्षिक परीक्षा परिणाम का प्रकाशन, बच्चो के बीच रिपोर्ट कार्ड वितरित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रिपोर्ट कार्ड वितरित करते नितेश कुमार

शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षा सत्र 2022–23 की परीक्षाफल प्रकाशित करते हुए रिपोर्ट कार्ड बच्चों के बीच वितरित किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से बिट्टू राणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । कोमल कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और आयत गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया द्य कक्षा एलकेजी से सिद्धार्थ कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वंदना कुमारी ने द्वितीय स्थान और संध्या कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया द्य कक्षा यूकेजी से मिस्टी गुप्ता ने प्रथम स्थान, मो आकीब ने द्वितीय स्थान एवं अल्ताफ रजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया द्य कक्षा प्रथम से आलोक राज ने प्रथम स्थान, दीपक कुमार ने द्वितीय स्थान, प्रिंस कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । कक्षा 2 से तरन्नुम दिलकशी ने प्रथम स्थान, मोनिका कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और अर्चना कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । कक्षा 3 से संतोषी कुमारी ने प्रथम स्थान, प्रियांशु कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 से मो अशिफ अंसारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया अमित कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया कुणाल कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया द्य परीक्षा का परिणाम का घोषणा निदेशक टूकलाल साहू ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य नितेश कुमार ने किया।रिजल्ट प्रकाशित करने के समय सलाहकार राजेन्द्र प्रसाद, विभा शर्मा,स्वेता राज लक्ष्मी, नरेश कुमार, शिबू रजक,अरुण कुमार,कल्पना कुमारी,प्रियंका कुमारी,नुरेशा खातून,सरिता कुमारी, अनामिका कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## जिला जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने पांडेय टोला में ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के पांडेयटोला में जिला जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने शुक्रवार को 63 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन नारियल तोड़कर एवं फीता काटकर किया। ज्ञात हो की लगभग दो सप्ताह पूर्व पांडेय टोला का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। जिससे पूरा गांव अंधेरे में रहने के लिए मजबूर था। वहीं ग्रामीणों ने इस बात की सूचना जिला जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेशाध्यक्ष किशुन यादव को दी। जिसके बाद तुंरत उन्होंने ट्रांसफामर उपलब्ध करवाया। मौके पर उपमुखिया बलराज यादव, पूर्व पंसस उमेश यादव, संजय पांडेय, प्रकाश यादव, अजय यादव, उपेंद्र पांडेय, रंजीत पांडेय, कुलदीप पांडेय, दीपू पांडेय, दिगम्बर पांडेय, रोहित यादव, मनोज यादव, राधेश्याम पांडेय एवं इंद्रदेव यादव सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## बेहराबाद में हुई बैठक में शामिल हुए जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत भण्डारो पंचायत के बेहराबाद बजरंगबली मंदिर में ग्रामीणों ने बैठक का आयोजन किया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भण्डारो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव शामिल हुए। जहां ग्रामीणों ने दोनो अतिथियों का फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। बैठक ग्रामीणों ने बारी – बारी से अपने गांव के विकास को लेकर चर्चा किया। बताया कि बजरंगबली मंदिर में पेयजल के लिए पानी की काफ़ी समस्या है, जिसका तत्काल व्यवस्था मुख्य रूप से कराने की मांग की गई। दोनों प्रतिनिधियों ने मिलकर सभी तरह के योजनाओ के बारे में अवगत कराया और सभी मांगे पूरी करने का भी आश्वासन दिया। बताया कि बहुत जल्द बेहराबाद समेत पुरे पंचायत में पेयजल के लिए कार्य प्रारम्भ होगा। इस दौरान जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने भंडारों हाई स्कूल में चल रहे बिल्डिंग कार्य का भी निरीक्षण किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, भण्डारो पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि बिरेन्दर पाण्डेय, तुलसी रविदास, रमाकान्त पांडेय, परमानंद पांडेय, सीताराम पांडेय, संजय पांडेय, बबून यादव, अशोक पांडेय, पिंटू सिंह, पर्दीप पांडेय, शिवशंकर पांडेय, सीताराम यादव, कैलाश यादव, बाबूलाल पांडेय, रौशन पांडेय, अभिमन्यु पांडेय एवं काफ़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर



## रांची में एक दिवसीय संकल्प सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन, बरही से भी पहुंचे कई कांग्रेसी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कार्यक्रम में शामिल बरही के कांग्रेसी

झारखंड प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग , अनुसूचित जनजाति विभाग, ओबीसी विभाग तथा अल्पसंख्यक विभाग की ओर से मोराबादी मैदान में स्थित बापू वाटिका में महात्मा गांधी के प्रतिमा के सामने एक दिवसीय संकल्प सत्याग्रह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी के प्रदेश स्तर के सभी जिला के कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित हुए । वर्तमान केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया गया। तानाशाही रवैया के खिलाफ सत्याग्रह किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, हजारीबाग जिला से चलकर आए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि डॉ निजामुद्दीन अंसारी, हजारीबाग जिला कांग्रेस ट्रेड यूनियन के उपाध्यक्ष अशरफ अली, कार्तिक पासवान, अशोक सिंह, बरही से रांची सत्याग्रह संकल्प आंदोलन में भाग लेने के लिए रांची पहुंचे। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने महात्मा गांधी के प्रतिमा पर तमाम टाना भक्तों सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

## उपायुक्त अबू इमरान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



चतरा/कान्हाचट्टी : समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में डीसी अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक की गई। बैठक में आम्रपाली चंद्रगुप्त परियोजना अंतर्गत कार्य हेतु और ठैछर् 4ळ सैचुरेशन प्रोजेक्ट के तहत 4ळ मोबाइल सर्विस के अधिष्ठापन हेतु जिला वनाधिकार समिति के द्वारा वन एवं जंगल-झाड़ी भूमि का अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत करने के लिए बैठक आहूत की गई। आम्रपाली चंद्रगुप्त परियोजना अंतर्गत कोल खनन का कार्य टंडवा अंचल के ग्राम उड़सू में किया जाना है तथा ठैछर् 4ळ सैचुरेशन प्रोजेक्ट के तहत 4ळ मोबाइल सर्विस के अधिष्ठापन का कार्य चतरा अंचल के 8 ग्रामों में और कुन्दा अंचल के 10 ग्रामों में किया जाना है। उपायुक्त ने प्राप्त सभी प्रस्तावों की गहन समीक्षा के उपरांत समिति के द्वारा उक्त भूमि का अनापत्ति प्रमाण-पत्र पारित करने के निर्णय पर सहमति जताते हुए कार्य आगे बढ़ाने का निर्देश दिया।बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिला कल्याण पदाधिकारी अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मोहम्मद मुमताज़ अंसारी, समेत अन्य सभी सबंधित उपस्थित थे।

## आजसू जिला कार्यालय में 5 अप्रैल को शहीद रघुनाथ महतो का शहादत दिवस मनाया जाएगा

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार ,आजसू पार्टी कार्यालय में शनिवार को आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित पांडे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि शहीद रघुनाथ महतो की शहादत दिवस 5 अप्रेल को एवं अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ 3 तारीख को होने वाले धरना प्रदर्शन अब छ : अप्रैल को किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी केंद्रीय कमेटी सदस्य पदाधिकारी जिला कमेटी के पदाधिकारी सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे । बैठक में जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान प्रीतम कुमार गुप्ता संजय तिवारी कृष्णा साहू नब्बू भैया अनिल पासवान ताज मोहम्मद समीम अंसारी मुराद खान इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

## शाइनिंग सक्सेस एकेडमी ने मनाया प्रतिभा सम्मान समारोह

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**




कोडरमा चंदवारा प्रखंड स्थित मदनगुंडी शाइनिंग सक्सेस अकैडमी में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जहां मुख्य अतिथि के रुप में पंचायत के मुखिया माननीय रामदेव यादव जिलाधिकारी गौतम कुमार बरनवाल तथा अन्य सम्मा. नित अतिथि गण इस मौके पर सम्मिलित हुए इस मौके पर मुखिया ने अपने संबोधन में कहा कि अदि बच्चे कठिन मेहनत व सच्ची निष्ठा से ध्यान दें तो हर सफलता को पाया जा सकता है तथा उन बच्चों की सफलता पर उन सभी को बधाई दी प्राचार्य सह निर्देशक सचिन कुमार तथा निर्देशक सूरज कुमार ने संबोधन में कहा कि आने वाले समय में हर एक ऐसे कार्यक्रम विद्यालय से होते रहेंगे ताकि विद्यार्थियों को मनोबल और उत्साह बढ़ता रहे और ऐसे ही सफलता जीवन में भी आगे हासिल करते रहे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सृष्टि कुमारी, कुंदन कुमार, चंदन कुमार, दीपक कुमार, सुलेखा कुमारी ,ममता कुमारी ,तथा विद्यालय के सभी बच्चे व शिक्षक इस मौके पर उपस्थित रहे।







सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## डिवाइन स्कूल के राजेश कुमार ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो चौंपियनशिप मे जीता गोल्ड मेडल

**अपेम लाइव : बरकटठ्ा**
**सुनील कुमार**




बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के दो छात्रों का राष्ट्रीय ताइक्वांडो चौंपियनशिप प्रतियोगिता में अपने वेट में झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। छत्तिसवां राष्ट्रीय सब जुनियर ताइक्वांडो चौंपियनशिप में राजेश कुमार का 21 किलोग्राम कैटेगरी में और पांचवां राष्ट्रीय केडेट ताइक्वांडो चौंपियनशिप में मुकेश कुमार का 51 किलोग्राम कैटेगरी में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता 28 मार्च से 31 मार्च तक राजस्थान में आयोजित किया जाएगा। पूरे झारखंड राज्य में में इस वेट कैटेगरी में केवल राजेश कुमार और मुकेश कुमार का चयन हुआ है इनका चयन होने में सबसे ज्यादा योगदान ताइक्वांडो प्रशिक्षक गुलाम हसन का है जो अपने कड़े प्रशिक्षण से इन बच्चों को इस योग्य बनाया कि ये केवल विद्यालय का ही नहीं बल्कि झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने योग्य हो गए। विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। विद्यालय प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यालय में छात्रों के हर क्षेत्र के विकास का ध्यान रखा जाता है। छात्र जिस लक्ष्य का चुनाव करता है उसी के अनुरूप प्रशिक्षण भी दिया जाता है।वे छात्रों और उनके प्रशिक्षक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दिए। प्रशिक्षक गुलाम हसन इस सफलता का श्रेय बच्चों के कठिन अभ्यास और उनके लगन को दिया। छात्रों के राष्ट्रीय चौंपियनशिप में चयन होने पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उन्हें आशीर्वाद के साथ सफलता प्राप्त करने का मंत्र दिया।

## जेआरजी बैंक में धूमधाम से मनाया गया 5वां स्थापना दिवस समारोह

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले सीएसपी तथा बैंक सखी किए गए सम्मानित

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**




जेआरजी बैंक में स्थापना दिवस समारोह में सम्मानित करते शाखा प्रबंधक

झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की विष्णुगढ़ शाखा परिसर में शनिवार को बैंक का 5वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक मुक्ति कुमार ने सर्वप्रथम केक काटकर समारोह की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल 2019 में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक तथा वनांचल ग्रामीण बैंक का एक साथ विलय कर जेआरजी बैंक का गठन किया गया। आज इसके पांच साल पूरे हुए। इस दौरान बैंक ने कई उपलब्धियां हासिल की। विष्णुगढ़ शाखा ने भी पिछले वित्तीय वर्ष में पूरे राज्य में सर्वाधिक प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना से ग्राहकों को आच्छादित करने का रिक०र्ड कायम किया है। शाखा में ग्राहकों का भी बेहतर सहयोग मिल रहा है। सारूकुदर मुखिया उत्तम कुमार, चेडरा मुखिया निर्मल कुमार, नागी मुखिया कुंवर हांसदा, जेएसपीएलएस बीपीएम रामगिरि उरांव आदि ने भी बैंक एवं बैंककर्मियों के योगदानों की सराहना की। समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को अंगवस्त्र के अलावा बेहतर प्रदर्शन करने वाले सीएसपी, बैंक सखी आदि को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर भेलवारा मुखिया लक्ष्मी देवी, मड़मो मुखिया कुंती देवी, लखनलाल बर्मन, बिनोद कुमार, सुजीत कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर जेएएम जिलाध्यक्ष का दौरा

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा ( हजारीबाग) हजारीबाग जिला मुख्यालय में जेएमएम का स्थापना दिवस को लेकर बरकट्ठा प्रखण्ड में जेएमएम जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव ने दौरा किया । इस बाबत जेएमएम जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव की अध्यक्षता में जेएमएम कार्यकर्ताओं के साथ एक तैयारी बैठक किया गया। जिसमे कार्यकर्त्ताओं को निर्देश दिया कि बरकट्ठा प्रखंड से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्त्ता हजारीबाग पहुंचकर पार्टी के 44वां स्थापना दिवस को सफल बनाएं। इस बार भव्य रूप से जेएमएम का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने बरकट्ठा विधानसभा के प्रखंड बरकट्ठा, चलकुशा के सभी लोगों से स्थापना दिवस में पहुँचने का आग्रह किया। बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी ने कहा कि बरकट्ठा प्रखंड में इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला उपाध्यक्ष मो यासीन खान ने कहा कि पार्टी का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। स्थापना दिवस को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोग हजारीबाग जाएंगे। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष यासीन खान, संयुक्त सचिव प्रमोद गुप्ता, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी, राजाराम मांझी, चन्द्रदीप पाण्डेय, महेश मांझी, लालमणि माँझी, सुखदेव माँझी, हरिलाल मांझी, महेंद्र महतो, कार्तिक महतो, इम्तियाज भारती, मोहम्मद हफीज, मो मैराज, मोहम्मद कौशर, सफीक अंसारी समेत बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्त्ता भी मौजूद थे।

## पीएमडब्लू के मासिक के साथ मासिक बैठक आयोजित हुई

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : सिविल सर्जन एवं जिला कुष्ठ पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों के पीएमडब्लू के मासिक उपलब्धियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कुष्ठ सलाहकार डा.राजेश कुमार द्वारा कुष्ठ निवारण के लिए क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो के बारे में पीएमडब्लू से जानकारियां प्राप्त की गई एवं कार्यो को लेकर दिशा निर्देश भी दिया गया। ताकि बेहतर तरीके से ग्रामीण क्षेत्रों में कुष्ठ रोगियों का पहचान कर समय रहते कुष्ठ रोगियों को इलाज मुहैया कराने को लेकर कहा गया है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में घर –घर जाकर कुष्ठ रोगियों को खोजी दल के द्वारा खोज करने को कहा गया है ताकि लातेहार जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने में सफलता प्राप्त किया जा सके मासिक बैठक में इन्हीं बातों पर विशेष रूप से जानकारियां दी गई है । आज के बैठक में मुख्य रूप से जिला कुष्ठ पदाधिकारी डा.शोभना टोप्पो , जिला कुष्ठ सलाहकार डा. राजेश कुमार , मनीष कुमार , राजेंद्र सिंह , पंकज कुमार , हसीब अहमद , प्रभु कुमार , सहित अन्य पीएमडब्लू मौजूद रहे।

UDISE CODE - 20040105606

*Arise Awake & Achieve*

**SWAMI VIVEKANANDA ACADEMY**

Run And Managed By Vivekanand Education And Welfare Trust Barhi, Reg. No- 2020/BAR/1085/BK4/10

Charmile, Khorahar, Barhi (Hazaribag) 825405

Mob. : 9955067983, 9934680783

Email Id : swamivivekanandaacademy12@gmail.com, bkyadav683@gmail.com

**Career Opportunities**

Candidate with relevant teaching experience, fluent in English and should be qualified from JAC, CBSE

**TEACHER REQUIREMENT**

| Sl. No. | Post | Qualifacation |
|---|---|---|
| 1 | Pre Primary Teachers | Graduate<br>Pre-Primary Certification |
| 2 | Primary Teachers | Graduate<br>+B.ed, D.EL.ED |

Subject Teacher : **English/ SST/Science**

Applicant Candidate may Mail their details resume within 7 days to

Mail id : bkyadav683@gmail.com

WhatsApp : 9934680783

Principal : 9470318683

**RAINBOW SCHOOL BARHI**

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag


Contact Number- 8210966457,8863095445

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)

**ADMISSION OPEN NOW**



Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

**SALIENT FEATURES**

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## बड़कागांव में रामनवमी की झांकी एवं जुलूस संपन्न हजारों लोगों ने झांकी का आनंद लिया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**







बड़कागांव : बड़कागांव में शुक्रवार देर रात को निकाली गई रामनवमी की जुलूस व झांकी शनिवार को देर रात को संपन्न हुआ। लगभग 24 घंटा से अधिक समय तक जुलूस वह झांकी का प्रदर्शन जारी रहा। बड़कागांव रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष बिंदु कुमार दांगी के द्वारा मुख्य चौक पर जुलूस एवं झांकी मूल्यांकन मंच का आयोजन किया गया था जिसका उद्‌घाटन बतौर मुख्य अतिथि मुख्य संरक्षक विधायक अंबा प्रसाद के हाथों फीता काटकर किया गया। इस दौरान महासमिति के अध्यक्ष बिंदु ने विधायक को बुके एवं तलवार भेंट कर स्वागत किया ।मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि हमें श्रीराम के बताए हुए आदर्शो पर चलने की आवश्यकता है अपने बच्चों को संस्कार से जोड़ कर रखें उन्हें भटकने नहीं दें ।तभी हमारे समाज में व्याप्त विसंगतियां दूर हो सकती है आप सभी को रामनवमी की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। वहीं दर्शकों के लिए बड़कागांव मुख्य चौक पर बड़ा एलईडी लगाया गया था जिसमें भारी संख्या में उपस्थित लोग जुलूस व झांकी का लाइव टेलीकास्ट देख रहे थे। महासमिति के द्वारा प्रखंड के कई गांव से झांकी देखने आए लोगों के लिए महा भंडारा का आयोजन किया गया था। जिसमें शनिवार को सुबह 7:00 बजे से लेकर शाम 3:00 बजे तक लगभग 8000 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान 12 अखाड़ों के द्वारा एक से बढ़कर एक जुलूस व झांकी प्रस्तुत किया गया। जिसका मूल्यांकनकर्ता कर्णपुरा कॉलेज के प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो, सिविल सोसाइटी प्रखंड अध्यक्ष मनोज गुप्ता, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन एवं द सेंट्रल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विनोद सिन्हा के द्वारा झांकी ,कलाकार व जुलूस का मूल्यांकन किया गया। वही सूर्य मंदिर प्रांगण में बड़कागांव रामनवमी कुशवाहा समिति के द्वारा निकाली गई झांकी का उद्‌घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे के द्वारा सूर्य मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात नारियल फोड़कर किया गया। जुलूस में झांकी में मां बसंती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अरविंद वर्मा, वीर हनुमान पूजा समिति प्रेम नगर के अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी, संगम युवा क्लब बसरिया टोला के अध्यक्ष रवि पासवान, रामनवमी पूजा समिति गुरु चट्टी के अध्यक्ष पंकज कुमार ,महावीर पूजा समिति ठाकुर मो. हल्ला के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, श्री राम दूत महावीर पूजा समिति मुख्य चौक के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, श्रीराम सेना पूजा समिति 15 नंबर चौक के अध्यक्ष उपेंद्र राम, अवतार क्लब विश्वकर्मा मोहल्ला अध्यक्ष अनु विश्वकर्मा ,कुशवाह रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष लालमणि महतो, राम जानकी मंदिर रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष पिंटू गुप्ता, अंबेडकर सबरी युवा रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष आजाद कुमार राम, एवं शिव शक्ति युवा क्लब बर मोहल्ला के अध्यक्ष सुभाष राणा के नेतृत्व में जुलूस व झांकी निकालकर लोगों को सम्मोहित किया। जुलूस में ला. `गों ने खूब लाठियां एवं तलवार भांजी और लोग जमकर नाचे। इस दौरान शाम 4:30 से लगभग आधा घंटा भारी बारिश और तूफान का सामना अखाड़ों के लोगों को करना पड़ा जिसके कारण कई झांकी बारिश में प्रभावित भी हुए। रामनवमी मे शांति व्यवस्था के लिए बड़कागांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे जिसमें एसडीपीओ अमित कुमार सिंह ,इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह, थाना प्रभारी विनोद तिर्की ,डाड़ीकला थाना प्रभारी मणिलाल सिंह, एसआई चनेश्वर किस्कु ,अभय कुमार के अलावा कई पदाधिकारी गण जुलूस में चौकसी करते रहे। बड़का गांव मुख्य चौक के अलावा मस्जिद व अन्य अति संवेदनशील स्थानों में पुलिस प्रशासन के द्वारा सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आज सोमवार को देर शाम किया जाएगा। बतौर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के अलावा कई विशिष्ट गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। मंच उद्‌घाटन के मौके पर मुख्य रूप से उप प्रमुख वचन देव कुमार, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ,मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, पंचायत समिति सदस्य सह मीडिया प्रभारी रितेश ठाकुर, महा समिति उपाध्यक्ष गौतम वर्मा, कोलेश्वर साव, चंदनपुरी, पूर्व मुखिया विष्णु रजक ,कांग्रेस नेता आनंद कुमार, ड०क्टर धनेश्वर महतो, संचालक संजय सागर, चंदन गुरु, सहेश कुमार, रामधनी महतो, बीनू कुमार, रवी जयसवाल के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## 4 अप्रैल को होने वाली लातेहार स्थापना दिवस को लेकर तैयारी अंतिम चरण में

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : आगामी 4अप्रैल को लातेहार जिला स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया गया। साथ ही कार्यक्रमों का चयन भी किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित इस पूर्वाभयास व चयन में अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना, एपीओ रोज मिंज और स्वर संगम के आशीष टैगोर शामिल थे। पूर्वाभयास में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय लातेहार, चंदवा मनिका एवं बालूमाथ के अलावा केंद्रीय विद्यालय लातेहार, राजकीय मध्य विद्यालय आश्रम, राजकीय मध्य विद्यालय चंदनडीह, राजकीयकृत उच्च विद्यालय लातेहार एवं राजकीयकृत बालिका विद्यालय लातेहार के प्रतिभागियों ने भाग लिया। लातेहार जिला का 22वां स्थापना दिवस प्रतिभागियों ने कई आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बता दें कि चार अप्रैल को लातेहार जिला का 22वां स्थापना दिवस है। इस मौके पर जिला प्रशासन के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन संध्या 6 बजे से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन, रेलवे स्टेशन रोड में किया जाएगा। जिला स्थापना दिवस पर प्रभात फेरी, सद्‌भावना दौड़, कारगिल पार्क में पुष्पांजलि, फैंसी क्रिकेट मैच और विकास मेला का भी आयोजन किया जाएगा।

## खोड़ाहार के जगदम्बा उपासना मंदिर में चौती दुर्गा पूजा में शामिल हुए टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड के खोड़ाहार गांव के जगदम्बा उपासना मंदिर में चौती दुर्गा पूजा में स्व. तिलेश्वर साहू के पुत्र व तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू शामिल हुए। वहां पहुंचने पर पूजा समिति ने उनका जोरदार स्वागत किया और पंडित जी ने तिलक लगाकर अभिनंदन किया। श्री साहू ने सबका आभार व्यक्त किया और कहा कि मां दुर्गा हम सब की जननी है। इनकी पूजा करने से हर तरह का सुख मिलता है। देवी दुर्गा शक्ति का आधार हैं, इनकी उपासना द्वारा सभी कष्ट समाप्त होते हैं। जीवन में शत्रुओं का नाश होता है। रोग दोष दूर होते हैं तथा जीवन में आर्थिक समृद्धि का आगमन होता है। साथ ही मां दुर्गा की पूजा द्वारा पारिवारिक कलह का नाश होता है और हमें शांति मिलती है। मौके पर तिलेश्वर साहू सेना के बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष भोली पासवान, रंजीत कुमार, सुधीर मंगलेश, औगौरव कुमार, सुरेश कुमार गुप्ता, नागेश्वर साव, गणेश राम, अमित राम व सैकडों भक्त व ग्रमीण मौजूद थे।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार